M-2019(SE) – V

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

पुस्तिका क्रम संख्या / Booklet Serial No. 801847

कुल प्रश्नों की संख्या : 10
Total No. of Questions : 10

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 6
No. of Printed Pages : 6

# M-2019(SE) – V
# सामान्य हिन्दी
# GENERAL HINDI
## पाँचवाँ प्रश्न-पत्र
## FIFTH PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 200
[Total Marks : 200

**प्रश्न : 1** इस प्रश्न में **20** अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं, **प्रत्येक** प्रश्न का उत्तर अधिकतम **20** शब्दों में देना है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *20×3=60*

प्रश्न : (1.1) 'पल्लवन' के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए । *3*

प्रश्न : (1.2) 'प्रारूपण' से क्या आशय है और प्रारूपण को कितने भागों में बाँटा गया है ? *3*

प्रश्न : (1.3) 'पारिभाषिक शब्दों' की आवश्यकता क्यों होती है ? *3*

प्रश्न : (1.4) तत्सम और तद्भव शब्दों में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर समझाइए । *3*

प्रश्न : (1.5) कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में क्या अंतर है ? सोदाहरण समझाइए । *3*

प्रश्न : (1.6) संक्षेपण में किन शब्दों या पदबंधों को छोड़ देना चाहिए ? *3*

प्रश्न : (1.7) निम्नलिखित शब्दों में स्वर संधि का कौन-सा प्रकार है ? *3*
सूर्योदय, अत्युत्तम, नायक ।

प्रश्न : (1.8) 'टिप्पण' की आवश्यकता क्यों होती है ? *3*

प्रश्न : (1.9) 'परिपत्र' से क्या तात्पर्य है ? *3*

प्रश्न : (1.10) 'अर्धशासकीय पत्र' की आवश्यकता और सार्थकता पर प्रकाश डालिए । *3*

प्रश्न : (1.11) विसर्ग संधि की परिभाषा बताते हुए, दो उदाहरण दीजिए । 3

प्रश्न : (1.12) 'मुहावरा' और 'कहावत' में क्या अंतर है ? 3

प्रश्न : (1.13) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाइए : 3
वह बहुत चालाक है ऐसा उसके मित्र कहते हैं ।

प्रश्न : (1.14) 'अनुस्मारक' में किन बिन्दुओं पर ध्यान आवश्यक है ? 3

प्रश्न : (1.15) 'अधिसूचना' किन विषयों के लिए और शासन के किस पत्र में प्रकाशित होती है ? 3

प्रश्न : (1.16) योजक-चिह्न के प्रयोग के तीन उदाहरण दीजिए । 3

प्रश्न : (1.17) संधि-विच्छेद सहित व्यंजन संधि के तीन उदाहरण दीजिए । 3

प्रश्न : (1.18) 'अव्ययीभाव' समास को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । 3

प्रश्न : (1.19) प्रशासनिक प्रतिवेदन से क्या आशय है ? 3

प्रश्न : (1.20) समानार्थी शब्द से क्या आशय है ? पर्याय और समानार्थी में क्या अंतर है ? 3

**प्रश्न : 2** निम्नलिखित वाक्यों का **हिन्दी से अंग्रेज़ी** में अनुवाद कीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **04 (चार)** अंकों का है । *5×4=20*

प्रश्न : (2.1) पर्यटन में रोज़गार की अनेक संभावनाएँ हैं । 4

प्रश्न : (2.2) देख लिया, धन्यवाद 4

प्रश्न : (2.3) सरकारी महकमों में गोपनीयता जरूरी है । 4

प्रश्न : (2.4) मामला अब भी विचाराधीन है । 4

प्रश्न : (2.5) आवेदन के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित सभी दस्तावेज़ संलग्न करें । 4

**प्रश्न : 3** निम्नलिखित वाक्यों का **अंग्रेज़ी से हिन्दी** में अनुवाद कीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *5×3=15*

प्रश्न : (3.1) The central objective of Planning is to achieve rapid economic growth. 3

प्रश्न : (3.2) The Ukraine-Russian war has displaced millions of people and rendered them refugees. 3

प्रश्न : (3.3) We agree with you. 3

प्रश्न : (3.4) India has been appointed President of G-20 Group of Nations. 3

प्रश्न : (3.5) Explanation may be called for. 3

**प्रश्न : 4** किसी **एक** गद्यांश का **एक-तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए । अभ्यर्थी जिस गद्यांश का संक्षेपण कर रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें । प्रश्न **15 (पन्द्रह)** अंकों का है । *1×15=15*

यह बर्बरीकरण इस आधुनिक सभ्यता के लालच का स्वाभाविक परिणाम है । यह लालच व्यक्तियों में ही नहीं, राष्ट्रों में भी देखा जाता है । युद्ध धन, आर्थिक साधनों और ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए ही लड़े जाते रहे हैं । शस्त्र उद्योग भयभीत राष्ट्रों से लाभ कमाने के लिए ही विकसित होता गया है । भोगवाद और सैनिकवाद में भी घनिष्ठ संबंध है । कभी यह जाँच होनी चाहिए कि विश्व के सकल उत्पाद और कथित आर्थिक विकास में शस्त्र उद्योग और विलासिता उद्योग की कितनी हिस्सेदारी है । यदि युद्ध का भय मिट जाए तो शस्त्र उद्योग तो ध्वस्त ही हो जाएगा । इसी तरह यदि लोग सादगीपूर्ण जीवन-शैली अपना लें तो विलासिता उद्योग ही नहीं, विज्ञापन उद्योग भी नष्ट हो जाएगा । लेकिन क्या उनका उद्देश्य मनुष्य को अधिकाधिक विलासी बनाकर लाभ कमाना नहीं है ? क्या इसके लिए न केवल प्रकृति के प्रति, बल्कि अपने ग्राहक मनुष्य की आत्मा और हाँ, स्वास्थ्य के प्रति भी हिंसक होने से उन्हें कोई गुरेज़ है ? क्या आधुनिक युद्धों का प्रमुख कारण दुनिया की दुर्बल प्रजातियों के शोषण के लिए मची अमानवीय होड़ नहीं है ?

**अथवा**

"अनंत रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है — कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में; कहीं रूखे, बेडौल या कर्कश रूप में; कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में । सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुख-भोग नहीं, बल्कि चिर-साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है । जो केवल प्रफुल्ल प्रसूनप्रसार के सौरभ-संचार, मकरंद-लोलुप, मधुप-गुञ्जार, कोकिल-कूजित निकुंज और शीतल सुखस्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोगलिप्सु हैं । इसी प्रकार जो केवल मुक्ताभास हिमबिंदु मंडित मरकताभ शाद्वलजाल, अत्यंत विशाल गिरिशिखर से गिरते जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रिता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं, वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक या सहृदय नहीं । प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं ।"

**प्रश्न : 5** निर्देशानुसार पत्र लेखन किया जाए, अधिकतम शब्द सीमा **100** है । प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं । अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें । प्रश्न **15 (पन्द्रह)** अंकों का है । *1×15=15*

सचिव, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन की ओर से परिपत्र लिखिए, जिसमें विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार प्रवेश, परीक्षा, परीक्षा परिणाम, गतिविधियों के समयबद्ध आयोजन के निर्देश हों ।

**अथवा**

जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर की ओर से आदेश का प्रारूप लिखिए, जिसमें जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को पंचायत निर्वाचन हेतु अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को बिना अनुमति अवकाश और मुख्यालय न छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया हो ।

**प्रश्न : 6** निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं पाँच** हिन्दी/अंग्रेज़ी शब्दों के अंग्रेज़ी/हिन्दी में पारिभाषिक शब्द लिखिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *5×3=15*

| S.No. | प्रश्न |
|---|---|
| 1 | Section |
| 2 | Endorsement |
| 3 | Art Gallery |
| 4 | Director General |
| 5 | Disbursing Officer |
| 6 | कार्यसूची |
| 7 | मानकीकरण |
| 8 | प्रयोजनमूलक हिन्दी |
| 9 | निर्वाचन अधिकारी |
| 10 | अग्रेषित |

**प्रश्न : 7** निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से **किन्हीं पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *5×3=15*

प्रश्न : (7.1) नाक-भौंह सिकोड़ना । *3*

प्रश्न : (7.2) अपना सा मुँह लेकर रह जाना । *3*

प्रश्न : (7.3) तूती बोलना । *3*

प्रश्न : (7.4) अंधे के हाथ बटेर लगना । *3*

प्रश्न : (7.5) गर्दन उठाना । *3*

प्रश्न : (7.6) नक्कारखाने में तूती की आवाज । *3*

प्रश्न : (7.7) आदमी ठोकर खाकर सीखता है । *3*

प्रश्न : (7.8) तीन बुलाए तेरह आए । *3*

प्रश्न : (7.9) रोग का घर खाँसी, झगड़े की जड़ हाँसी । *3*

प्रश्न : (7.10) अंधा बाँटे रेवड़ी फिर-फिर अपनों को दे । *3*

**प्रश्न : 8** निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *5×3=15*

| S.No. | प्रश्न |
|---|---|
| 1 | 'मनचला' का समास विग्रह कीजिए । |
| 2 | 'उच्छ्वास' का संधि-विच्छेद कीजिए । |
| 3 | 'उग्र' का विलोम शब्द लिखिए । |
| 4 | 'दिन' के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए । |
| 5 | 'चोंच' का तत्सम शब्द लिखिए । |
| 6 | 'अशीति' का तद्भव रूप बताइए । |
| 7 | 'कृति' और 'कृती' में अंतर स्पष्ट कीजिए । |
| 8 | 'शान्तिप्रिय' में कौन-सा समास है ? |
| 9 | उदाहरण सहित उद्धरण चिह्न का प्रयोग कीजिए । |
| 10 | विभक्ति का लोप मुख्यतः किस समास में होता है ? दो उदाहरण दीजिए । |

**प्रश्न : 9** निम्नलिखित में से **किसी एक** गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । अभ्यर्थी जिस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में करें । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । *5×3=15*

जो धीर हैं, जो उद्वेगरहित हैं, वही संसार में कुछ कर सकते हैं । जो लोहे की चादर की भाँति ज़रा में ही गर्म हो जाते हैं और ज़रा में ठण्डे पड़ जाते हैं, उनके लिए क्या हो सकता है ? कहा भी गया है — जो बादल गरजते हैं, बरसते नहीं । धीर पुरुष का मन समुद्र के समान होता है । वह गम्भीर और अथाह होता है । समुद्र की तरह मर्यादा पालन में उसकी यह दशा है कि आनन्द और ऐश्वर्य रूपी नद-नदियाँ उसमें गिरती हैं, पर क्या मजाल कि ज़रा भी मर्यादा का उल्लंघन करे ।

(i) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 3

(ii) इस अवतरण का अपने शब्दों में सार लिखिए । 3

(iii) 'उद्वेगरहित' का अर्थ बताइए । 3

(iv) 'जो बादल गरजते हैं, बरसते नहीं' इस लोकोक्ति की व्याख्या कीजिए । 3

(v) 'अथाह' शब्द का अर्थ बताइए । 3

**अथवा**



[P.T.O.

"आत्म-संस्कार के विधान का स्वाध्याय एक प्रमुख अंग है। हमारे लिए किसी जाति के उस साहित्य में गति प्राप्त करने का कोई द्वार नहीं, जिसमें उसके भाव और विकार व्यक्त रहते हैं, तथा उसकी उन्नति के क्रम का लेखा रहता है। मनुष्य जाति के सुख और कल्याण के विषय में संसार के प्रतिभासम्पन्न पुरुषों ने जो सिद्धांत स्थिर किए हैं उन्हें जानने का और कोई उपाय नहीं। जो मनुष्य पढ़ना नहीं जानता उसे भूतकाल का कुछ ज्ञान नहीं। वह जो कुछ सोचता है, विचारता है, परीक्षा करता है, वह अपनी छोटी-सी पहुँच और अपने ही अल्प साधनों के अनुसार है। उसे उस भंडार का पता नहीं जो न जाने कितनी पीढ़ियों से संचित होता आया है।"

(i) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 3

(ii) इस गद्यांश का सारांश लिखिए। 3

(iii) 'प्रतिभासम्पन्न' का अर्थ बताइए। 3

(iv) आत्म-संस्कार के लिए क्या आवश्यक है ? 3

(v) अनपढ़ मनुष्य की क्या दशा होती है ? 3

**प्रश्न : 10** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। अभ्यर्थी जिस प्रतिवेदन का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में करें। अधिकतम शब्द सीमा **150** है। प्रश्न **15 (पन्द्रह)** अंकों का है। *1×15=15*

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर के प्राचार्य की ओर से आज़ादी के अमृतवर्ष के आयोजनों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

किसी जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा आयोजित लोक अदालत का प्रतिवेदन उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) जबलपुर के रजिस्ट्रार को भेजिए।

SEAL
SEAL
SEAL
SEAL